दिन–मंगलवार दिनांक– 12/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए तीन मई को आयोजित नीट–यूजी परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में एजेंसी ने कहा है कि यह फैसला विद्यार्थियों के हित तथा राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली पर टिके विश्वास को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। एन.टी.ए. ने बताया कि सरकार ने पेपर लीक के आरोपों की पूरी जांच के लिए मामला केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने कहा कि वह सीबीआई के साथ पूरा सहयोग करेगी तथा जांच के लिए जरूरी सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता उपलब्ध कराएगी। एन.टी.ए. ने कहा कि परीक्षा के लिए नई तिथि अलग से अधिसूचित की जाएगी। पंजीकरण विवरण, उम्मीदवार की जानकारी और मई के लिए चयनित परीक्षा केन्द्र अपरिवर्तित रहेंगे तथा पुनः परीक्षा में उपयोग किये जाएंगे। एजेंसी ने कहा कि दोबारा परीक्षा के लिए फिर पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क भी नहीं लिया जाएगा।

———————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हिमंता बिस्व सरमा ने आज लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हिमंता बिस्व सरमा के साथ चार विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित थे।

———————————————————

विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय प्राधिकार उप चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। मतदान शाम चार बजे तक चलेगा। मतदान के लिए दोनों जिलों में पच्चीस बूथ बनाये गये हैं। इनमें भोजपुर में चौदह और बक्सर

में ग्यारह बूथ हैं। उपचुनाव में छह हजार से अधिक मतदाता छह प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। मतों की गिनती चौदह मई को आरा में की जायेगी।

———————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस है। आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है हमारी नर्सें, हमारा भविष्य। यह दिन रोगियों की देखभाल, सामुदायिक स्वास्थ्य और आर्थिक विकास में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान को दर्शाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने नर्सों को देश की स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ और आशा का स्तंभ बताया। नर्स दिवस पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

पूर्व मंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता बागी कुमार वर्मा का निधन हो गया। वे सतहत्तर वर्ष के थे। उनका दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

———————————————————————

जाने—माने कृषि वैज्ञानिक और पद्मश्री से सम्मानित गोपालजी त्रिवेदी का आज पटना में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गोपालजी त्रिवेदी मुजफ्फरपुर के रहने वाले थे और उन्होंने लीची की खेती को बढ़ावा देने के लिए नई तकनीकों की खोज की थी। उनके निधन पर समाज के गणमान्य लोगों ने गहरा दुख जताया है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि प्रदेश में मॉनसून के आगमन की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि इस सप्ताह के अंत तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी में मॉनसून दस्तक दे सकता है। इस बीच, विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर धूलभरी आंधी चलने की भी

चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया के अमौर में सबसे अधिक छब्बीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।